नवभारत 09
सतना, सोमवार, 13 जुलाई, 2026

सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ निकली रैली, हजारों लोगों ने दिखाई एकजुटता

गल्ला मंडी मैहर में शांतिपूर्ण सभा के बाद प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

मैहर (रामनगर)। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला इकाई मैहर ने 12 जुलाई को गल्ला मंडी, मैहर में आयोजित विशाल ट्रैक्टर रैली एवं शांतिपूर्ण ज्ञापन प्रदर्शन में आयोजित किया। आयोजकों के अनुसार करीब 500 ट्रैक्टरों और हजारों लोगों ने रैली , धरना प्रदर्शन में भाग लिया।

मैहर, सतना, अमरपाटन, रामनगर सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से रैली में शामिल होकर एकता, सामाजिक सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दिया। सभा के उपरांत पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की गई।

आयोजकों के अनुसार यह प्रदर्शन नगर परिषद रामनगर की अध्यक्ष दीपा मिश्रा एवं उनके पति कैलाश मिश्रा से जुड़ी कथित वायरल ऑडियो रिकॉर्डिंग, समाज के प्रतिनिधियों तथा नगर परिषद के कुछ कर्मचारियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार के आरोपों को लेकर आयोजित किया गया था। ज्ञापन के माध्यम से मामले की निष्पक्ष जांच, कानून के अनुसार कार्रवाई तथा भविष्य में किसी भी समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली घटनाओं पर समान रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज, जिला इकाई मैहर के जिलाध्यक्ष रामसुशील पटेल ने कार्यक्रम में शामिल सभी समाजबंधुओं, सर्व समाज के नागरिकों, माताओं-बहनों, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया, प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 500 ट्रैक्टरों और हजारों लोगों की शांतिपूर्ण सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि समाज संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते हुए अपनी बात शालीनता और अनुशासन के साथ रखना जानता है। हमारा उद्देश्य किसी समाज का विरोध करना नहीं है। हम केवल समान कानून, निष्पक्ष न्याय और प्रत्येक समाज के सम्मान की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

उन्होंने आगे कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और भविष्य में भी सभी लोग भाईचारे, सामाजिक सद्भाव तथा संविधान के मूल्यों के साथ समाज एवं जिले के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग देने वाले प्रशासन एवं पुलिस विभाग का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में डॉ. दुर्योधन सिंह (जिलाध्यक्ष, कुर्मी क्षत्रिय समाज, सतना), जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह (ज्ञानू भैया), जिला पंचायत सदस्य तारा पटेल, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह (धतूरा), महामंत्री अमृतलाल पटेल, कोषाध्यक्ष गोविंद पटेल, कार्यकारी युवा जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह (खुशेड़ी), उपाध्यक्ष रामानंद बाबा, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह (बब्लू), अमरपाटन ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह, युवा अध्यक्ष जितेंद्र पटेल (फौजी), मैहर ग्रामीण अध्यक्ष राकेश पटेल, शहर अध्यक्ष सुशील पटेल, अध्यक्ष कार्यालय प्रभारी दीपक पटेल, सुरेश पटेल (झाली), रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, कार्यक्रम संचालक विश्वनाथ पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्व समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

सड़क हादसे के मृतकों के घर पहुंचे सांसद , परिजनों को बंधाया ढांढस

नवभारत न्यूज

मैहर 12 जुलाई। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर रिगरा गांव के समीप हुए भीषण सड? हादसे में अकस्मिक जान गंवाने वाले युवकों के परिजनों से मिलने सतना सांसद गणेश सिंह ग्राम पंचायत यदुवीर नगर पहुंचे।

उन्होंने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को इस असहनीय दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया। सांसद गणेश सिंह ने हादसे में दिवंगत अंकुर पटेल, मृदुल पटेल , विजय पटेल , हरिशंकर पटेल, संजीव पटेल निवासी नरोरा के परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में एक साथ कई युवाओं का असमय निधन पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारों को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान सांसद ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं और हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही सांसद गणेश सिंह जनपद सदस्य रावेन्द्र सिंह लल्ला के निवास सगमनिया पहुंचे, जहां उनकी माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने का संदेश दिया।

युवा स्वाभिमान यात्रा के समर्थन में कांग्रेस नेत्री ने निकाली साइकिल यात्रा

नवभारत न्यूज

उचेहरा 12 जुलाई। जनपद के गोबराव कला से बस स्टैंड स्थित महात्मा गांधी स्मारक तक करीब 10 किलोमीटर साइकिल यात्रा निकाली। यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं का सम्मान, रोजगार, निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था और उनके अधिकारों की आवाज़ था ।

कांग्रेस नेत्री डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि प्रदेश का युवा पेपर लीक, रद्द होती परीक्षाओं और वर्षों से लंबित भर्तियों से परेशान है। अब समय है कि युवाओं की आवाज़ को मजबूती से बुलंद किया जाए। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा यह साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया था , 14 को इंदौर से प्रारंभ होकर 15 को भोपाल पहुचने वाली Gen-Z Cyclothon- युवा स्वाभिमान यात्रा में युवा साथियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया था उसी के चलते इस साइकिल यात्रा में काफी संख्या में युवा सहित कांग्रेस जन शामिल हुए जिसमे प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लालबहादुर सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष मिठाईलाल कुशवाहा, रामनरेश सिंह, मो सिकंदर, मो. सलाउद्दीन, बलराम कोरी, सुखेन्द्र सिंह, हीरामन, आनंद, अमित, वीरेंद्र सिंह, अभिषेक कुशवाहा सहित छात्राएं एवं युवा जन शामिल रहे।

मां सिंहवाहिनी मंदिर में पहुंचना हुआ आसान

रामपुर विधायक के अथक प्रयासों से सड़क बनी , 16 विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाइट की विशेष व्यवस्था हुई

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 12 जुलाई । जिले के रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रामपुर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मां सिंहवाहिनी मंदिर जाने वाली रोड का निर्माण विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया की पहल पर पूरा हो गया है,इतना ही नहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 16 विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था भी कराई गई है, ज अब दिन हो या रात, हर मौसम में श्रद्धालु सहजता और सुरक्षित रूप से माँ सिंहवाहिनी मंदिर के पावन दरबार तक पहुंच सकेंगे।

यह कार्य केवल एक सड़क का निर्माण नहीं, बल्कि आस्था, विकास और जनसेवा का अद्भुत संगम है। आज पूरे रामपुर बाघेलान में इस ऐतिहासिक उपलब्धि को लेकर उत्साह का वातावरण है और हर ओर इसकी चर्चा हो रही है।

इस भक्तों ने सभी अन्नदाता किसान भाइयों को भी कोटि-कोटि नमन किया, जिन्होंने बिना किसी स्वार्थ और लाभ की अपेक्षा के अपनी बहुमूल्य भूमि दान देकर इस जनहितकारी एवं धार्मिक कार्य को संभव बनाया। आपका त्याग सदैव प्रेरणादायी और स्मरणीय रहेगा। नगर के लोगों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया का इस ऐतिहासिक जनसेवा कार्य के लिए आभार जताया। जनसेवा के सहयोग ,संकल्प से आस्था का मार्ग प्रशस्त हुआ,यही सच्चा विकास है।

रास्ते में कीचड़ और जलभराव से ग्रामीण परेशान

स्कूल आने जाने में बच्चों को होती है परेशानी,ग्रामीणों ने खोला मोर्चा , अन्य गांवों के भी यही हाल

नवभारत न्यूज

कोटर 12 जुलाई। क्षेत्र के चितगढ ग्राम के मुख्य मार्ग से बंधिन टोला तक लगभग 1.5 किलोमीटर सड़क आज भी नहीं बन पाई है। देश को आज़ाद हुए लगभग 79 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन चितगढ गांव के लोग आज भी पक्की सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

जिला पंचायत सदस्य जानवी संतोष यादव ने बताया कि हर दिन छोटे-छोटे बच्चे कीचड़ और जलभराव से स्कूल जाने को मजबूर हैं। इस संबंध में पहले भी विधायक, तहसीलदार कोटर तथा एसडीएम को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

जानवी संतोष यादव ने कहा कि केवल चितगढ़ की समस्या नहीं है। पास के सोनवर्षा गांव में मात्र 400 मीटर सड़क न होने के कारण लोगों को लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। ग्राम पंचायत देवरा में मुख्य मार्ग से सेमरी तक लगभग 2 किलोमीटर का रास्ता पूरी तरह जर्जर और जलभराव से प्रभावित है।

वहीं ग्राम पंचायत लालच के वार्ड क्रमांक 7 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लगभग 50 से 60 परिवार वर्षों से लगभग 900 मीटर सड़क के अभाव में भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। स्कूली बच्चों को रोज जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ता है। कुछ दिन पहले एक मासूम बच्चा गड्ढे में डूबने से बाल-बाल बचा।

जिला पंचायत सदस्य जानवी संतोष यादव ने कहा कि वोट के खातिर भाजपा अनेको तरह की घोषणा करती है लेकिन आज भी ग्रामीण रोड जैसे मुलभूत सुविधाएं से वंचित है अगर समय रहते रोड का निर्माण कार्य नहीं किया गया तो आंदोलन करने के लिए बांध होंगे ।

कांग्रेस का धरना प्रदर्शन और घेराव 17 को

नवभारत न्यूज

कोटर 12 जुलाई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटर द्वारा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 17 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को दोपहर 1:00 बजे से कोटर तहसील कार्यालय के समक्ष तहसील घेराव एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, कोटर अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने विज्ञप्ति में बताया कि ज्ञापन में कोटर विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र टिकुरी, कोटर एवं गोरैया के घरेलू फीडरों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत सभी विद्युत लाइनों का तत्काल सुधार एवं आवश्यक रखरखाव कराने, क्षेत्र के सभी जले हुए ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने, किसानों को खरीफ फसल की बोनी हेतु स्थानीय स्तर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, सतनाङ्कसेमरिया मार्ग का तत्काल निर्माण/सुधार कराने, क्षेत्र में अवैध शराब एवं मेडिकल नशे के कारोबार पर कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई करने, किसानों को धान की बोनी हेतु बाणसागर की लोअर पुरवा नहर में तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग किया है।

चित्रकूट बॉक्सिंग एसोसिएशन का गठन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 12 जुलाई भारतीय बॉक्सिंग संघ एवं उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ के महासचिव श्री प्रमोद कुमार जी के मार्गदर्शन में चित्रकूट जनपद में बॉक्सिंग खेल को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा खेल सुविधाओं एवं प्रतियोगिताओं के सुचारु संचालन के उद्देश्य से चित्रकूट बॉक्सिंग एसोसिएशन का गठन किया गया।

नवगठित एसोसिएशन में श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक स्वप्निल अग्रवाल को अध्यक्ष तथा विनोद कुमार सिंह को सचिव मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त विनोद केसरवानी को उपाध्यक्ष, श्याम कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा संजीव मिश्रा को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। सोम प्रकाश शर्मा को टेक्निकल डायरेक्टर एवं रोबिन सिंह को सहायक टेक्निकल डायरेक्टर बनाया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित चित्रकूट के जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद सोनकर ने कहा कि चित्रकूट एक आकांक्षी जनपद है।

मैहर में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की मांग ने जोर पकड़ा

राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सतना 12 जुलाई। राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी पद की स्थापना की मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि मैहर जिला बनने के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी का पृथक पद स्थापित नहीं होने से जिले के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे समय, श्रम एवं आर्थिक संसाधनों की भी हानि होती है। अत: शीघ्र ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना एवं पद सृजित किया जाना आवश्यक है।

इस अवसर पर अशोक तिवारी, सुभाष चौरसिया, अजय दुबे, शरद वाजपेयी सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में मांग का समर्थन किया। इसी कड़ी में राज्य कर्मचारी संघ शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहित गर्ग ने मुनींद्र शुक्ला की पहल की सराहना करते हुए अपनी ओर से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

विधायक से मिला आश्वासन

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे आगामी विधानसभा सत्र में मैहर जिले के लिए जिला शिक्षा अधिकारी पद एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना का मुद्दा प्रमुखता से उठाएंगे तथा शासन स्तर पर आवश्यक पहल करेंगे। विधायक के इस आश्वासन से शिक्षकों एवं कर्मचारियों में सकारात्मक माहौल है। सभी ने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही मैहर जिले को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की सौगात मिलेगी, जिससे शिक्षा विभाग के प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी और जिले के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महायज्ञ का चित्रकूट में भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 12 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण हरित विकास और जनभागीदारी को समर्पित एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महायज्ञ.2026 का जनपद चित्रकूट में भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित इस महाअभियान में प्रशासन जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों ने बढ़.चढ़कर सहभागिता निभाई और अपनी माताओं के सम्मान में पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त आईएएस अजीत कुमार तथा पद्मश्री सम्मानित उमाशंकर पांडेय रहे। उन्होंने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करतेए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी हैं। एक पेड़ मां के नामष् अभियान प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ.साथ प्रकृति के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है

सदर मुख्यालय अंतर्गत एसडीएम कॉलोनी स्थित पार्क में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का भव्य और प्रेरणादायी स्वरूप देखने को मिला। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाजसेवियों विभिन्न विभागों के अधिकारियों भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी माताओं के नाम पौधे रोपित कर अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभासद एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री शंकर यादव तथा वन अधिकारी श्री गोविंद प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों के नेतृत्व और समन्वय से वृक्षारोपण अभियान का सफल संचालन हुआ तथा लोगों को पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा जल एवं जंगल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे वरिष्ठ पत्रकार जुगनू खान संदीप रिछारिया संतोष बंसल शंकर यादव पवन पटेल साहित्यकार डॉ मनोज तिवारी श्रीनारायण तिवारी राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक लालमन समाजसेवी डॉक्टर प्रभाकर सिंह लवलेश पटेल

एक नजर में

बिहरा में गंदे पानी की सप्लाई

कोटर। ग्राम पंचायत बिहरा में जब से बारिश शुरू हुई है तब से जलप्रदाय योजना में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है जिससे गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है और ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया समय रहते जिम्मेदार ध्यान दें जिससे ग्रामीणों को पीने का शुद्ध पानी मिल सके।

रास्ते में लटक रही खुली बिजली तार

कोटर। कोटर तहसील के बगल के दुकानदार विद्युत पोल से कटिया फंसा कर बिजली के तार को जमीन में छूते हुए लटकाए हुए हैं । जो फोटो में देखा जा सकता है। इस कारण कभी भी बड़ी गंभीर दुर्घटना हो सकती है खुली तार से फंसकर मवेशी और तहसील आने जाने वाले लोग भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं कोटर तहसीलदार एवं विद्युत मंडल को ध्यान देना चाहिए जिससे कोई अनहोनी ना हो सके।

स्वच्छ कामदगिरि पवित्र परिक्रमा

चित्रकूट। सप्ताह कार्यक्रम कामतानाथ धाम में चला भव्य स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प से बदलेगा चित्रकूट का स्वरूप यह अभियान जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग एवं अधिशासी अधिकारी श्री लाल जी यादव के निर्देशन में कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।अभियान का शुभारंभ आज का अभियान आज का अभियान तुलसी चौरा है के पास पर्वत मेंचलाया गया इस दौरान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ .सफाई की गई। सफाई कर्मियों द्वारा मार्ग पर फैले कूड़ा.करकट प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया गया। साथ ही परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष श्री राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। श्री राकेश केशरवानी हमारी आस्था हमारी जिम्मेदारी . स्वच्छ कामदगिरि कामतानाथ की परिक्रमा कचरा मुक्त कामदगिरि परिक्रमा इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम रखने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही श्रद्धालुओं से बंदरों को मार्ग के बीच भोजन न देने का अनुरोध किया गया जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और परिक्रमा मार्ग पर सुचारु आवागमन बना रहे।